1. एफपीजीए एकीकृत सर्किट हैं जिनका उपयोग कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को तैनात करने के लिए व्यापक रूप से किया जाता है। एफपीजीए का पूर्ण रूप क्या है?

A. फील्ड प्रोग्रामेबल गेट एरेज

B. फॉरवर्ड प्रोग्रामेबल ग्राफिकल एडवांसमेंट

C. फॉरवर्ड प्रोग्राम ग्रुप अरेंजमेंट

D. फास्टर प्रोग्राम जेस्चर एनालिटिक्स

2. मई 2025 में मध्यप्रदेश के किस शहर में 'द चेंजमेकर कॉन्क्लेव' आयोजित की गई?

A. भोपाल

B. जबलपुर

C. इंदौर

D. उज्जैन

3. मध्य प्रदेश के किस भाग में वर्षा की परिवर्तनशीलता अधिक पाई जाती है?

A. दक्षिण पूर्वी भाग

B. उत्तर पश्चिमी भाग

C. पूर्वी भाग

D. उपरोक्त सभी

4. उपकरणों का एक नेटवर्क जिसमें एक ही नेटवर्क पर अन्य उपकरणों के साथ संचार (कनेक्ट और डेटा का आदान-प्रदान) करने के लिए एक एम्बेडेड हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर होता है, उसे जाना जाता है-

A. इंटरनेट ऑफ थिंग्स

B. मशीन लर्निंग

C. डीप लर्निंग

D. रोबोटिक्स

5. यूनिक्स एक ऑपरेटिंग सिस्टम है जिसमें निम्न प्रकार का यूजर इंटरफेस होता है-

A. ध्वनि-आधारित इंटरफेस

B. प्राकृतिक भाषा इंटरफेस

C. कमांड-आधारित इंटरफेस

D. टच-आधारित इंटरफेस

6. 'बरूआ' परम्परागत पदवी का संबंध किस जनजातीय समुदाय से है?

A. भील

B. बैगा

C. कमार

D. कोल

7. आदिम जातीय अनुसंधान और विकास संस्थान मध्यप्रदेश में कहाँ स्थित हैं?

A. झाबुआ

B. बालाघाट

C. भोपाल

D. मंडला

8. मध्य प्रदेश में राज्य सूचना आयोग का गठन, सूचना का अधिकार 2005 की धारा ------ के अनुसार किया गया है।

A. 12

B. 14

C. 15

D. 18

9. अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के तहत विशेष न्यायालय की स्थापना का प्रावधान किस धारा के अन्तर्गत है?

A. धारा - 13

B. धारा - 14

C. धारा - 15

D. धारा - 16

10. किस जनजातीय योद्धा को कविता लिखने के कारण ब्रिटिश सरकार द्वारा मृत्यु दण्ड की सजा सुनाई गई?

A. शंकरशाह

B. टांट्या भील

C. खाज्या नायक

D. बादल भोई

11. पिथौरा चित्रकला का संबंध किस जनजाति से है?

A. गोंड

B. बैगा

C. भील

D. सहरिया

12. मध्यप्रदेश के निम्नलिखित में से किस जिले से कर्क रेखा नहीं गुजरती है?

A. विदिशा

B. इंदौर

C. उज्जैन

D. भोपाल

13. धार राज्य की स्थापना किसने किया?

A. उदाजी राव पवार

B. हेमेन्द्र राव पवार

C. यशवंत राव पवार

D. प्रथमेश्वर राव पवार

14. प्रसिद्ध गोंड राजा संग्राम शाह द्वारा लिखित संस्कृत ग्रंथ का नाम है-

A. विवेक सिन्धु

B. रस रत्न माला

C. अद्वैत सिद्धि

D. मुहूर्त मातृका

15. मध्य प्रदेश में 'मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना' कब प्रारम्भ की गई?

A. वर्ष 2013 में

B. वर्ष 2017 में

C. वर्ष 2019 में

D. वर्ष 2023 में

16. नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स (सतत विकास लक्ष्य सूचकांक) 2023-24 के अनुसार मध्य प्रदेश ने किस लक्ष्य में सर्वोत्तम अंक प्राप्त किया है?

A. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

B. जिम्मेदारीपूर्वक उपभोग एवं उत्पादन

C. उद्योग, नवाचार और बुनियादी ढांचा

D. लैंगिक समानता

17. नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इन्डेक्स 2023-24 के अनुसार मध्य प्रदेश ने बहुआयामी गरीबी में क्या प्रगति की है?

A. 1.36 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

B. 50 लाख लोगों को गरीबी से बाहर निकाला

C. गरीबी का पूर्ण उन्मूलन कर दिया

D. गरीबी को 10 प्रतिशत तक कम किया

18. मध्य प्रदेश शासन के "मेरा बजट 2025-26" के अनुसार वर्ष 2047 तक मध्य प्रदेश सरकार कौन सा आर्थिक लक्ष्य हासिल करने की आकांक्षा रखती है?

A. 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था

B. 100 प्रतिशत डिजिटल अर्थव्यवस्था

C. 2 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था

D. शून्य राजकोषीय घाटा

19. किस जनजाति के लोग स्वयं को गोंडों का छोटा भाई कहते हैं?

A. कोल

B. सहरिया

C. बैगा

D. भारिया

20. साहित्य का नोबेल पुरस्कार - 2024 किसने प्राप्त किया?

A. डेविड बेकर

B. जान फॉसे

C. हान कांग

D. साइमन जॉनसन

21. मनुआभान की टेकरी से अनेक लघु पाषाण उपकरण एकत्रित किए गए हैं। मनुआभान की टेकरी मध्य प्रदेश के किस जिले में स्थित है?

A. धार

B. रायसेन

C. ग्वालियर

D. भोपाल

22. मालवा की ताम्रपाषाणिक संस्कृति का प्रमुख स्थल नवदाटोली है। नवदाटोली का उत्खनन किसके द्वारा करवाया गया है?

A. मार्टिमर व्हीलर

B. एच. डी. संकालिया

C. अलेक्जेण्डर कनिंघम

D. जॉन मार्शल

23. अबुल फजल ने आईने-ए-अकबरी में किस रियासत के विषय में लिखा है कि 'यह रियासत इतना समृद्धशाली था कि प्रजा लगान की अदायगी स्वर्ण मुद्राओं और हाथियों में करती थी?

A. सिन्धिया

B. भोपाल

C. गोंडवाना

D. बुन्देलखण्ड

24. निम्नलिखित में से कौन सी परियोजना मध्य प्रदेश राज्य में ई-गवर्नेंस की परियोजना नहीं है?

A. ज्ञान दूत

B. लोक मित्र

C. ई-चालान

D. ई-उपार्जन

25. जनगणना 2011 के अनुसार मध्य प्रदेश में सर्वाधिक साक्षरता के प्रतिशत वाले जिलों का अवरोही क्रम है-

A. भोपाल, जबलपुर, इन्दौर

B. इन्दौर, भोपाल, जबलपुर

C. जबलपुर, इन्दौर, भोपाल

D. भोपाल, इन्दौर, जबलपुर

26. जनवरी 2025 में मध्य प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त बनाए गए हैं?

A. केशव श्रीवास्तव

B. मनोज श्रीवास्तव

C. विवेक मल्होत्रा

D. अभिषेक सिंह

27. मध्य प्रदेश के प्रथम निर्वाचन आयुक्त कौन थे?

A. श्री प्रकाश चंद

B. श्री गोपाल शरण शुक्ल

C. श्री यशपाल कुमार

D. श्री एन. बी. लोहानी

28. खजुराहो में चतुर्भुज मंदिर का निर्माण किस चंदेल राजा ने करवाया?

A. हर्षदेव

B. यशोवर्मन

C. धंग

D. विद्याधर

29. बीजागढ़ की पहाड़ियां कहाँ स्थित हैं?

A. पूर्वी सतपुड़ा पर

B. पश्चिमी सतपुड़ा पर

C. मैकाल श्रेणी पर

D. बुन्देलखण्ड पठार पर

30. अगस्त 1942 में, जब ब्रिटिश सरकार द्वारा प्रजामण्डल के सदस्यों की गिरफ्तारी शुरू हो गई, तब इन्दौर के सराफा बाजार में किस स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के द्वारा 'हनुमान सत्याग्रह' शुरू किया गया?

A. नारायण प्रसाद खरे

B. गोविन्द नारायण सिंह

C. विट्ठलदास बजाज

D. पुरूषोत्तम विजय

31. मध्य प्रदेश में शीतलपानी, गिधरी, धोर्ली, जट्टा खदानें किस खनिज से सम्बन्धित हैं?

A. लोह-अयस्क

B. मैगनीज

C. रॉक फास्फेट

D. तांबा

32. मध्यप्रदेश में राज्यसभा की कुल कितनी सीटें है?

A. 15

B. 11

C. 18

D. 29

33. मध्यप्रदेश में कौन से प्रकार के वन सर्वाधिक पाए जाते हैं?

A. उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ वन

B. उष्णकटिबंधीय आर्द्र पतझड़ वन

C. कंटीले वन

D. उपार्द्र पहाड़ी वन

34. जनगणना 2011 के अनुसार मध्य प्रदेश के किस जिले में सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या है?

A. रीवा

B. डिंडोरी

C. सतना

D. सीधी

35. निम्नलिखित में से किसका उपयोग सुरक्षित वेबसाइट के लिए किया जाता है?

A. FTP

B. WWW

C. SMTP

D. HTTPS

36. शूलपाणि क्षेत्र किस पारंपरिक तीर्थयात्रा मार्ग का महत्वपूर्ण हिस्सा है?

A. पंचक्रोशी यात्रा

B. अमरनाथ यात्रा

C. नर्मदा परिक्रमा

D. कैलास मानसरोवर यात्रा

37. मध्य प्रदेश आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में मध्य प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की औसत उपलब्धता लगभग कितनी थी?

A. 700 ग्राम/दिन

B. 600 ग्राम/दिन

C. 500 ग्राम/दिन

D. 652 ग्राम/दिन

38. भारत शासन ने औपचारिक रूप से मध्य प्रांत की स्थापना का प्रस्ताव किस वर्ष रखा?

A. 1842

B. 1856

C. 1858

D. 1861

39. "लमझेना" का तात्पर्य जनजातीय समाज में क्या है?

A. नृत्य का प्रकार

B. विवाह का प्रकार

C. चित्र शैली

D. जनजातीय उत्सव

40. सतपुड़ा तापीय विद्युत केन्द्र को कोयले की आपूर्ति कहां से होती है?

A. सोहागपुर कोयला क्षेत्र

B. जोहिला कोयला क्षेत्र

C. पाथाखेड़ा कोयला क्षेत्र

D. उमरिया कोयला क्षेत्र

41. प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम 1857 के प्रदेश के जनजातीय नायक श्री डेलन शाह का जन्म स्थान वर्तमान में किस जिले में है?

A. मण्डला

B. छिन्दवाड़ा

C. नरसिंहपुर

D. जबलपुर

42. वीर शंकर शाह एवं रघुनाथ शाह सम्मान वर्ष 2023 में किसे प्रदान किया गया?

A. श्रीमती सम्पतिया उइके

B. डा. तापस चकमा

C. श्री बुधपाल सिंह ठाकुर

D. श्री राजाराम कटारा

43. मध्य प्रदेश अनुसूचित जनजाति आयोग का गठन कब किया गया है?

A. वित्तीय वर्ष 1993-94

B. वित्तीय वर्ष 1995-96

C. वित्तीय वर्ष 1997-98

D. वित्तीय वर्ष 1999-2000

44. महादजी सिन्धिया और जयपुर के राजा माधो सिंह के बीच 'लालसोट का युद्ध' कब हुआ?

A. 1786 ई.

B. 1787 ई.

C. 1788 ई.

D. 1789 ई.

45. पेरिस ओलंपिक - 2024 हॉकी में भारत की पुरुष टीम ने किस देश को हराकर कांस्य पदक पर कब्जा किया?

A. नीदरलैण्ड

B. स्पेन

C. जापान

D. पोलैण्ड

46. पंचायतों से संबंधित प्रावधानों को भारतीय संविधान में ...........संशोधन के द्वारा जोड़ा गया है।

A. 73 वें

B. 74 वें

C. 75 वें

D. 76 वें

47. मध्य प्रदेश में सोयाबीन की खेती सर्व प्रथम किस जिले में आरम्भ हुई थी?

A. इन्दौर

B. देवास

C. रीवा

D. मुरैना

48. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग अधिनियम किस वर्ष अधिनियमित किया गया?

A. 1992

B. 1988

C. 1980

D. 1990

49. भारत की प्रथम महिला विधि सचिव हैं-

A. अंजू राठी राणा

B. शारदा सिंह

C. अमृता सक्सेना

D. प्रज्ञा श्रीवास्तव

50. बाण सागर परियोजना में किन राज्यों की भागीदारी है?

A. मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार

B. मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश

C. मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र

D. मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र